देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

ईएमआरसी 48 hours फिल्म निर्माण प्रतियोगिता

इन्दौर, दिनांक 03/03/2020। दिनांक 02 मार्च 2020 को ईएमआरसी में 48 घंटे में फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8–8 विद्यार्थियों के अलग–अलग समूह बनाये गये। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मात्र 48 घंटो में ''पड़ोसी'' विषय के अंतर्गत 2:30 मिनिट की एक शार्ट फिल्म बनानी थी। इस फिल्म को बनाने के लिए 3 शैलियाँ (Genre) ह्यूमर, थ्रिलर एवं म्यूजिकल ड्रामा निर्धारित की गई थीं। फिल्म में किसी एक वाद्य यंत्र का उपयोग करना आवश्यक था।

इस प्रतियोगिता में कुल 24 समूहों ने हिस्सा लेकर लघु फिल्मों का निर्माण किया। इन फिल्मों की स्क्रीनिंग विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु जैन, निर्णायक मंडल एवं ईएमआरसी के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के समक्ष किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी फिल्मों को खूब सराहा गया एवं 3 श्रेष्ठ फिल्मों को माननीय कुलपति जी द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

ह्यूमर शैली के अंतर्गत फिल्म ''**वन शॉट फिल्म**'' को पुरूस्कृत किया गया जिसमें मालवा और निमाड़ की भाषाओं को पड़ोसी की तरह स्थापित किया गया एवं 2 कचरा पेटियों को पड़ोसी मानकर एक सामाजिक संदेश दिया गया। विजेता टीम के सदस्य थे चेतन, पूर्वा, रिचा, आयुष, ऋषिका, वंशिका एवं देवाशीष।

थ्रिलर शैली के अंतर्गत पुरूस्कृत फिल्म में दर्शाया गया कि संगीत का कोई धर्म नही होता । इसके विजेता थे अर्थव, प्रणित, पार्थ, मुस्कान, रिया, जयंत एवं सिमरन।

म्यूजिकल ड्रामा शैली में पुरूस्कृत फिल्म थी '**हमसाया**', जिसमें 2 दंगाईयों को उनकी मौत संयोग से कब्र का पड़ोसी बना देती है और वे अपनी कब्र पर बैठकर अपनी भूल पर पछतावा करते हैं। इस फिल्म के विजेता थे पलाश तिवारी, राजुल, हिमांशी, अकबर अली, निकिता गोयल, सलोनी एवं अमन पुराणिक। निर्णायक मंडल में कर्नल के. जे. चुग, श्री सौम्य रॉय, सुश्री अर्चना सोमसेखर, श्री कमलेश चौहान, डॉ. ललित इंगले एवं डॉ. नारायण पाटीदार थे।

इस प्रतियोगिता का आयोजन ईएमआरसी के विद्यार्थियों द्वारा किया गया एवं इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन, ईएमआरसी निदेशक, डॉ. अखिलेश सिंह, प्रो. चन्दन गुप्ता एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी